हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 4 मार्च 2026


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


13 राजहरा खदान कर्मियों के परिजनों ने देखा लौह अयस्क से ...





14 बालोद में आदर्श होली मनाने के लिए निकली रैली






## खबर संक्षेप

### कार पलटा कोई जनहानी नहीं हुई

**गुरूर।** नगर के नवीन कॉलेज के पास एक कार सड़क किनार पलट गई। जिसके बाद आस पास मौजूद लोगो ने कार में सवार लोगों को जैसे तैसे बाहर निकाला।

### शयल जैन बने सीए नगर में जश्न का माहौल

**डौंडीलोहारा।** नगर के होनहार युवा शयल जैन (लोढ़ा) ने



प्रतिष्ठित द इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट आफ इंडिया द्वारा आयोजित सीए फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण कर चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) बनने का गौरव हासिल किया है। रविवार को जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुआ और शयल के सफल होने का समाचार नगर में फैला, परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय विवेकानंद चौक के समीप मित्रों ने एकत्रित होकर केक काटकर जश्न मनाया। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई और शयल की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने कहा कि यह सफलता न केवल शयल और उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे नगर के लिए गर्व का विषय है। शयल जैन ने बताया कि उन्हें यह सफलता पांचवें प्रयास में प्राप्त हुई है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवारजनों को देते हुए कहा कि कठिन समय में परिवार का अटूट सहयोग और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत रहा। वे स्थानीय व्यापारी एवं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष संदीप जैन के भतीजे हैं।शयल ने कहा कि निरंतर परिश्रम, धैर्य और सकारात्मक सोच के बल पर ही यह मुकाम हासिल किया जा सका है।

### दो दिनों में 121 आदतन बदमाशों को भेजा जेल



**भिलाई।** होली पर्व को लेकर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों, धारदार हथियार रखने वाले, पूर्व में आपराधिक गतिविधियों में शामिल आदतन आरोपियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस ने अशांति फैलाने, आपराधिक घटना घटित करने वाले 97 आदतन आरोपियों के खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस के प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया। दो दिनों में जिले में 121 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिसमें थाना दुर्ग 8, मोहन नगर 14, पद्मनाभपुर 5, पुलगांव 1, अंजोरा 10, जेवरा सिरसा 1, नगपुरा 1, नेवई 3, वैशाली नगर 3, सुपेला 6, स्मृति नगर 1, छावनी 6, जामुल 15, खुर्सीपार 3, पुरानी भिलाई 10, कुम्हारी 4, पाटन 8, उतई 8, रानीतराई 1, अण्डा 2, जामगांव आर 1, अमलेश्वर 3, धमधा 4, नंदिनी 3 शामिल है।

### शराब का अवैध कारोबार सात को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** होली को लेकर पुलिस ने अभियान चलाकर सात युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी युवकों द्वारा शराब का अवैध कारोबार किया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि थाना अण्डा, उतई, नंदिनी नगर, सुपेला, नेवई, रानीतराई से आलबरस अण्डा निवासी मोरध्वज देशमुख, निलेश यादव,चिरपोटी, अण्डा मुकेश कोसरे,निकुम, अण्डा फूल सिंह, बोहारडीह, उतई पुरेन्द्र ठाकुर, सेलूद, उतई राकेश साहू,टेकापार बोरी, नंदिनी नगर जीवनलाल पटेल, पुष्पक नगर, सुपेला निवासी टिमन लाल ठाकुर, जांजगीर चांपा (थाना सुपेला) वेदांत सिंह, ग्रीन वेली, जुनवानी, सुपेला अनूप राकेश, स्टेशन मरोदा सुनील कुशवाहा, दरबार मोखली रानीतराई मनहरण लाल को पकड़ा गया।

# नगर सहित अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया होलिका दहन पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में फाल्गुन पूर्णिमा की संध्या पर होलिका दहन पूरे उत्साह, आस्था और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर होलिका दहन किया गया।

महिलाओं ने हल्दी-चावल, रोली और नारियल अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की, वहीं बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। दल्लीराजहरा नगर के बस स्टैंड चौक, जय स्तंभ चौक, मेन मार्केट, वार्ड क्रमांक,04, 5, वार्ड क्रमांक 11 सहित विभिन्न मोहल्लों में सायंकाल शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया गया। पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा संपन्न हुई और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक अग्नि प्रज्ज्वलित की गई। होलिका की परिक्रमा कर लोगों ने नई फसल की बालियां अर्पित कीं और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। वहीं सीमा यादव ने बताया कि यह पर्व आपसी भाईचारे और प्रेम का प्रतीक है, जिसमें समाज के सभी लोग एक साथ आकर खुशियां बांटते हैं। नगर के वरिष्ठ नागरिक घनश्याम वर्मा ने कहा कि होलिका दहन केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। यह पर्व हमें अपने भीतर की बुराइयों को त्यागकर सद्मार्ग अपनाने की प्रेरणा देता है। रात्रि में होलिका दहन के पश्चात लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और अगले दिन रंगोत्सव धूमधाम से मनाने की तैयारियों में जुट गए। पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना हुआ है और फाल्गुन की उमंग के साथ नगर रंगों के त्योहार का स्वागत कर रहा है।

## क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया होलिका दहन

### सामाजिक समरसता का संदेश

दल्लीराजहरा में आयोजित होलिका दहन कार्यक्रमों में सभी वर्गों और समुदायों के लोगों की सहभागिता रही। युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कम लकड़ी और प्राकृतिक सामग्री से होलिका तैयार की। कई स्थानों पर स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त होली मनाने का संकल्प भी लिया गया। स्थानीय निवासी राजेश साहू ने कहा कि होलिका दहन हमें यह सिखाता है कि चाहे परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, सत्य और भक्ति की हमेशा जीत होती है।



### होलिका दहन का पौराणिक महत्व

होलिका दहन की परंपरा का संबंध भक्त प्रह्लाद और उनके पिता हिरण्यकश्यप की कथा से जुड़ा है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, असुर राजा हिरण्यकश्यप स्वयं को ईश्वर मानता था, जबकि उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का परम भक्त था। हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को भगवान की भक्ति से रोकने के लिए अनेक यातनाएं दीं, लेकिन वह सफल नहीं हुआ। अंततः उसने अपनी बहन होलिका की सहायता से प्रह्लाद को अग्नि में बैठाकर जलाने की योजना बनाई। होलिका को वरदान था कि अग्नि उसे जला नहीं सकेगी, परंतु अहंकार और अधर्म के कारण वह स्वयं अग्नि में भस्म हो गई और भगवान की कृपा से भक्त प्रह्लाद सुरक्षित बच गए। यही कारण है कि होलिका दहन के माध्यम से अधर्म, अन्याय और अहंकार के दहन तथा सत्य, भक्ति और धर्म की विजय का संदेश दिया जाता है।

## कार्रवाई : अवैध काष्ठ का बड़ा भंडारण उजागर, निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी

# होली से पहले वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, अवैध काष्ठ कारोबार पर छापा, दो आरा मिल सील





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा/अर्जुंदा/गुणडरदेही

2 मार्च 2026 होली पर्व के ठीक एक दिन पूर्व वन विभाग की कार्रवाई से अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के बीच जबरदस्त हड़कंप मच गया है। लगातार हो रही छापेमारी और सख्त कदमों के चलते कई लोग भूमिगत हो गए हैं, कुछ लोग क्षेत्र से गायब बताए जा रहे हैं, तो कई व्यापारियों ने अपने-अपने अवैध संस्थानों को बंद कर लिए हैं।

पूरे जिले में वन विभाग की सक्रियता और सख्ती का स्पष्ट संदेश दिखाई देने लगा है कि अब अवैध काष्ठ कारोबार को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वनमंडल बालोद के अंतर्गत आज वन अमला द्वारा अवैध काष्ठ कारोबार के विरुद्ध एक बड़ी और सख्त कार्रवाई की गई। जिला वन मंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल के कुशल नेतृत्व, स्पष्ट दिशा-निर्देशन और सतत निगरानी में वन विभाग की उड़ान दस्ता एवं क्षेत्रीय अधिकारियों की संयुक्त टीम ने आधा दर्जन आरा मिलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गुण्डरदेही सर्किल के अर्जुंदा क्षेत्र में ग्राम अर्जुन्दा स्थित सत्य सांई मिल तथा ग्राम मटेवा स्थित हरिओम सॉ मिल में प्रतिबंधित प्रजाति के काष्ठ का अवैध रूप से उपयोग पाया गया। गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए दोनों आरा मशीनों को तत्काल सील कर दिया गया।

### आधा दर्जनों का मिलों का निरीक्षण

जांच के दौरान मिल परिसरों एवं समीपवर्ती खेतों में अर्जुन प्रजाति की लकड़ी भारी मात्रा में पाई गई, जो बिना किसी वैध अनुज्ञप्ति (परमिट) के संग्रहित थी। यह भी सामने आया कि लंबे समय से क्षेत्र में अवैध कटाई और परिवहन की गतिविधियाँ चल रही थीं। इस पर राजस्व विभाग एवं वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय से राजस्व भूमि से कहुवा वृक्षों की अवैध कटाई की लगातार सूचनाएं सामने आ रही थीं। पूर्व में विभाग द्वारा अवैध परिवहन में संलिप्त कई ट्रकों को भी जप्त किया जा चुका है। गुण्डरदेही–अर्जुंदा क्षेत्र को संवेदनशील मानते हुए अब विशेष अभियान चलाकर अवैध काष्ठ का उपयोग कर रही आरा मिलों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। वन विभाग


▶▶| शेष पेज 13 पर


### सघन और निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी

जिला वन मंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल कहते हैं कि वन संपदा की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अवैध कटाई, परिवहन और काष्ठ के अवैध उपयोग के विरुद्ध शून्य सहनशीलता की नीति पर काम किया जा रहा है। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। आगे भी इस प्रकार की सघन और निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। वन कानूनों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला वन मंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल के नेतृत्व में वन अमला पूरी तत्परता, प्रतिबद्धता और रणनीतिक योजना के साथ कार्य कर रहा है। पूर्व में भी कई प्रभावी कार्रवाइयाँ की जा चुकी हैं और आने वाले दिनों में अवैध काष्ठ कारोबार से जुड़े पूरे नेटवर्क पर और अधिक कड़ी चोट करने की रणनीति तैयार है। यह कार्रवाई न केवल कानून का पालन सुनिश्चित करती है, बल्कि वन संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा की दिशा में एक मजबूत और स्पष्ट संदेश भी देती है कि बालोद जिले में अवैध गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बालोद पुलिस ने अंधे कत्ल का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

थाना बालोद अतंर्गत ग्राम देवीनवागांव तांदुला किनारे में हुए महिला के अंधे कत्ल मे आारेपी पति को बालोद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रकरण में सवित्री निषाद की हत्या हुई थी। गांव में टीम द्वारा कई दिनो तक कैम्प हत्या के पहलू की जांच लगाकर किया। अंधे कत्ल के प्रकरण को सुलझाने व अपराधी की गिरफ्तारी में सायबर सेल टीम व थाना बालोद की विशेष भूमिका रही।

- आरोपी न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल

घटना 23 फरवरी की है। ग्राम देवीनवागांव तांदुला किनारे गांव की ही सावित्री निषाद का शव मिला था। फोरेंसिक टीम, साइबर सेल टीम, थाना की टीम, डाग स्क्वाड व विशेषज्ञों के राय उपरांत प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होने से थाना बालोद में मर्ग धारा 103 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

ममले मे सायबर सेल व थाना बालोद से विशेष


▶▶| शेष पेज 13 पर


### पति निकला हत्यारा

पुलिस ने बताया कि आरोपी पिति ने बताया कि उसकी पत्नी सवित्री निषाद कुछ दिनो से मानसीक रूप से बीमार चल रही थी, बिना बताए अपने मायके चले जाती थी। घर का



काम जैसे कपड़ा धोना, खाना बनाना, घरेलू काम नही करती थी। घटना दिनांक को भी उसकी पत्नी कपड़ा नही धोई, खाना भी नही बनाई, छोटी बेटी बिना खाए स्कूल चले गई, बड़ी बेटी घर में थीं, मां भी बिना खाए मिटिंग में चली गई। जिससे आरोपी धमेंन्द्र निषाद काफी आक्रोश में था। उसे ढूठंने गांव की तरफ गया, नही मिलने पर तांदुला नदी तरफ जहां महिलाए सौच करने जाती है उस ओर गया। अपनी पत्नी को देखा। उसने पुरानी साडी को हत्या की नियत से उठाकर उसे फाड कर रस्सी नूमा बना कर गूस्से से अपनी पत्नी के पास जाकर उसे पटक दिया और गले मे साड़ी से कई बार लपेट कर उसकी हत्या कर दिया और लोगों को गुमराह करने के लिए अपनी


▶▶| शेष पेज 13 पर


## चिटौद स्कूल में आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल, डूबने से बचाव का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

आपदा प्रबंधन के अभ्यास के दौरान शासकीय प्राथमिक विद्यालय चिटौद में बाल संसद तथा कक्षा 5 वीं के 33 विद्यार्थियों ने डूबने से बचाव पर मॉक ड्रिल प्रस्तुत किया।



विद्यालय में विद्यार्थियों को जीवन मूल्यों, मानवीय संवेदनाओं तथा सामुदायिक सहयोग की भावना का प्रत्यक्ष अनुभव कराना ही उनके बेहतर भविष्य की आधारशिला है। शरीर का मूल्य एक बहु आयामी विषय है, जिसे विभिन्न –ष्टिकोणों से देखा जा सकता है। यह केवल आर्थिक माप से कहीं अधिक है। यह जैविक चमत्कार, नैतिक गरिमा और व्यक्तिगत अनुभव का एक जटिल मिश्रण है। संस्था के सहायक एवं कार्यक्रम संयोजक शिक्षक ईश्वरी कुमार सिन्हा ने जानकारी दी कि बालक–बालिकाओं के 2 समूहों ने स्नान करने, तैरने का अभिनय किया। अपने कुछ साथी को डूबते देख तत्काल बचाव के लिए रस्सी व लकड़ी फेंककर बाहर निकाला। सांस की जांच की। प्राथमिक उपचार में पेट दबाकर पानी बाहर किया। तुरंत सीपीआर की क्रिया जिसमें 30 बार छाती दबाने व 2 बार मुंह से सांस देने का अभ्यास हुआ। रिकवरी स्थिति के लिए एक तरफ करवट लिटाया, फिर 108 नंबर पर कॉल करके एम्बुलेंस बुलाया गया। जहां पर डॉक्टर की


▶▶| शेष पेज 13 पर


# आदर्श होली का संदेश लेकर निकाली भव्य रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में होली पर्व के पावन अवसर पर नगर में आदर्श होली महोत्सव, जन-जागरूकता अभियान, व्यसन मुक्ति एवं कुरीति उन्मूलन रैली का भव्य आयोजन किया गया। नगर के सामाजिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक संगठनों की सहभागिता से पूरा वातावरण आध्यात्मिक रंगों से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम का उद्देश्य होली के विकृत स्वरूप को समाप्त कर जनमानस को उसके आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक मूल स्वरूप से परिचित कराना था। आयोजकों ने स्पष्ट किया कि होली केवल बाहरी रंग-गुलाल और मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मिक आनंद, प्रेम, सद्भाव और बुराइयों के दहन का प्रतीक पर्व है। रैली की शुरुआत गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा से हुई। आकर्षक झांकी में भगवान नरसिंह नाथ, भक्त प्रहलाद और होलिका के जीवंत चित्रण ने लोगों का मन मोह लिया। व्यसन मुक्ति और कुरीति उन्मूलन के सशक्त संदेशों से सजे पोस्टरों ने नगरवासियों का ध्यान आकर्षित किया। रैली विवेकानंद चौक, संजय नगर, मुख्य बाजार, बस स्टैंड, अंबेडकर चौक होते हुए राजापारा दुर्गा चौक पहुंची, जहां समापन हुआ।

- व्यसन मुक्ति व कुरीति उन्मूलन का गूंजा स्वर



दुर्गा चौक में गायत्री दीपयज्ञ एवं पर्व संदेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। गायत्री परिवार के ब्लॉक समन्वयक भोलाराम साहू ने कहा कि यह छोटा सा प्रयास भविष्य में एक व्यापक सामाजिक परिवर्तन का सूत्रपात करेगा। उन्होंने कहा, एक छोटी चिंगारी दावानल बन सकती है और एक दीपक घनघोर अंधकार को मिटा सकता है, उसी प्रकार हमारा यह


▶▶| शेष पेज 13 पर


## आदिवासी संग्रहालय से मिली सांस्कृतिक जानकारी

# पीएम श्री सेजेस डौंडी लोहारा के 325 विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

पीएम श्री सेजेस डौंडी लोहारा द्वारा 28 फरवरी 2026 को विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के 325 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान, औद्योगिक प्रक्रियाओं तथा स्थानीय संस्कृति से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराना था।

- मां दंतेश्वरी शक्कर कारखाना का अवलोकन

उल्लेखनीय है कि पीएम श्री योजना के अंतर्गत चयनित विद्यालयों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आधुनिक शिक्षण पद्धति तथा अनुभवात्मक शिक्षा पर विशेष बल दिया जाता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु यह भ्रमण आयोजित किया गया, ताकि विद्यार्थियों को कक्षा शिक्षण के साथ-साथ वास्तविक जीवन के अनुभव भी प्राप्त हो सकें।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम मां दंतेश्वरी शक्कर कारखाना, करकाभाट का अवलोकन किया। यहाँ उन्होंने गन्ने की पेराई से लेकर चीनी निर्माण तक की संपूर्ण प्रक्रिया को नजदीक से देखा तथा तकनीकी जानकारियां प्राप्त कीं। विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासाओं से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। इसके पश्चात दल मुक्तांगन, रायपुर पहुँचा, जहाँ सभी विद्यार्थियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। प्राकृतिक एवं शांत वातावरण में सामूहिक भोजन के दौरान अनुशासन, स्वच्छता और आपसी सहयोग की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई।





अंत में विद्यार्थियों ने आदिवासी संग्रहालय, रायपुर का भ्रमण किया। संग्रहालय में प्रदर्शित आदिवासी संस्कृति, वेशभूषा, परंपराएं एवं प्राचीन वस्तुओं को देखकर विद्यार्थियों को क्षेत्रीय इतिहास और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

यह संपूर्ण कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य डी.आर. देवहरे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षकगण एम.डी. साहू, घनश्याम आर्या, कंवर नितिन यादव, पलाश सोनकर, शशांक सोनकर, घनश्याम साहू एवं शशांक साहू सहित अन्य शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही। विद्यालय परिवार ने इस सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण को ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं अविस्मरणीय अनुभव बताया।

# गायत्री शक्तिपीठ दल्ली राजहरा में हुआ जिला स्तरीय गोष्ठी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा

अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा 1 मार्च 2026 को गायत्री शक्तिपीठ दल्ली राजहरा में जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अखंड दीप प्रज्वलन के साथ हुई। आयोजन वंदनीय माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष तथा परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्री राम शर्मा आचार्य के पावन उद्देश्यों मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण को समर्पित रहा।

- रचनात्मक अभियानों को गति देने का संकल्प

गोष्ठी में संगठन सुदृढ़ीकरण, साधना आंदोलन, शिक्षा एवं साहित्य प्रसार, पत्रिका विस्तार, स्वाध्याय अभियान, स्वास्थ्य स्वावलंबन, महिला जागृति, युवा जोड़ों अभियान तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी सक्रिय परिजनों ने इन गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया। बैठक में जिला


▶▶| शेष पेज 13 पर

# भूमि अधिग्रहण और गाइडलाइन दरों में विसंगतियों को लेकर किसानों ने प्रशासन से की चर्चा

## खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा रेलवे परियोजना के प्रभावित किसानों ने गिनाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा रेलवे परियोजना के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण और गाइडलाइन दरों में विसंगतियों को लेकर प्रभावित किसानों ने अपनी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से रखा। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह से मिलकर विस्तृत चर्चा की।

राकेश ठाकुर ने कहा कि प्रभावित ग्रामों में गाइडलाइन दरों में भारी अंतर और 50 प्रतिशत तक कटौती से किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने मांग की कि एक्ट का पूर्ण पालन करते हुए नवंबर 2025 से जनवरी 2026 तक के उच्चतम विक्रय विलेखों के आधार पर मुआवजा निर्धारित किया जाए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतम गुणांक 4 लागू किया जाए। साथ ही दो फसली एवं सिंचित भूमि का पृथक मूल्यांकन, मकान, कुआं, बोरवेल, पेड़ सहित सभी परिसंपत्तियों का बाजार दर पर मुआवजा और प्रत्येक प्रभावित परिवार के एक सदस्य को स्थायी रोजगार का लिखित आश्वासन देने की मांग रखी गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने स्पष्ट कहा कि जब तक गाइडलाइन दरों की विसंगतियां दूर नहीं होतीं और पूर्व में दायर 300 से अधिक पुनर्विचार याचिकाओं पर कारणयुक्त लिखित आदेश जारी नहीं किया जाता, तब तक किसान भूमि का कब्जा नहीं देंगे। प्रतिनिधिमंडल में अजय कुमार सिन्हा, अमर सिंह साहू, देवेंद्र कुमार देवांगन, दीपक देशमुख, प्रेम लाल, धनेश राम साहू, रमेश साहू, सुनील ठाकुर सहित बड़ी संख्या में प्रभावित किसान उपस्थित रहे।



### प्रशासन की बड़ी पहल, उच्च स्तरीय टीम गठित

इस संबंध में जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु एक विशेष उच्च स्तरीय टीम गठित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इस टीम में एसडीएम, तहसीलदार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं रेलवे अधिकारी शामिल रहेंगे। यह टीम सोमवार को प्रभावित किसानों के लिए उपस्थित रहकर प्रत्येक गांव के किसानों की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से सुनेगी और उनके समाधान हेतु गंभीरतापूर्वक एवं अथक प्रयास करेगी। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि किसानों की आपत्तियों और समस्याओं का परीक्षण एवं निराकरण करने के बाद ही भूमि अधिग्रहण संबंधी आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### भिलाई निगम के तीन कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई से सेवानिवृत्त होने वाले 3 कर्मचारियों को ससम्मान बिदाई दी गई। मुख्य कार्यालय सभागार में निगम प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की गई। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे और उपायुक्त डीके कोसरिया की उपस्थिति में समयपाल कार्य सहायक ग्रेड-2 सुरेन्द्र कुमार सोनबोईर, वार्ड प्यून बल्लूराम साहू और सफाई कामगार प्रेमिन बाई को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शशिभूषण मोहंती, नवीन कुमार साहू, शालिनी गुरव, देवेन्द्र वर्मा, पुरूषोत्तम साहू, रोहित बंजारे, हेमचंद बंजारे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अंगना के गोठ हमर गांव हमर माटी बिखेर रही सतरंगी छटा, हुए सम्मानित

**भिलाई।** अंगना के गोठ हमर गांव हमर माटी यू ट्यूब में पछले तीन वर्षों से छत्तीसगढ़ की सतरंगी छटा बिखेर रही है। इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, साहित्य, तीज त्योहार, परम्परा, पुरखा के सुरता जैसे कालम द्वारा हमारी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का काम कर रही हैं। इस संस्था के कार्यों और गतिविधियों को देखते हुए करगी रोड कोटा में सर्वोदय साहित्य समिति द्वारा सर्वोदय संस्कृति सम्मान से अलंकृत किया गया। इस सम्मान के लिए चैनल के प्रधान संपादक डॉ दीनदयाल साहू तथा संपादक डॉ डी पी देशमुख ने अतिथियों के कर कमलों से सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और अंग वस्त्र प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सरोज साहू, कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ सी वी रमन विश्विद्यालय के कुल सचिव अरविन्द तिवारी और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ गीतकार मीर अली मीर, विधायक प्रतिनिधि आर त्रिपाठी और समाजसेवी ए अग्रवाल उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष सोम प्रभा तिवारी नूर ने चैनल के कार्यों को लोगो के सामने रखा। कार्यक्रम में महेश श्रीवास, शरद यादव, समिति के सदस्य शहडोल, रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग , भाटापारा, प्रयागराज, कोटा जांजगीर चांपा से कई जाने माने कवि और साहित्यकार उपस्थित रहे।

### विभिन्न सेक्टरों के आधा दर्जन बीएसपी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हो चुके बंद

# टाउनशिप में स्वास्थ्य सुविधाओं के सिमटने का खामियाजा भुगत रहे बीएसपी कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में सिमटती सामाजिक सुविधाओं के दौर में सिमट रही स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण हजारों कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सेक्टर नौ जेएलएन हास्पिटल व सेक्टर एक अस्पताल सहित विभिन्न सेक्टरों मे बने हेल्थ सेंटरों में चौतरफा समस्याओं का खामियाजा कर्मियों को भुगतना पड़ रहा है। यूनियनों से स्वास्थ्य सेवा और संसाधनों को दुरुस्त किए जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि पिछले एक दशक से सेल की बदली नीति से मेन पावर के संकट और सिर्फ इस्पात उत्पादन पर ही जोर दिए जाने से कर्मियों की चौतरफा दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं। इसका सबसे ज्यादा असर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर पड़ रहा है। पंद्रह साल पहले तक मध्यभारत के सबसे बड़े चिकित्सालय सेक्टर नौ हास्पिटल के रेफरल सेंटर और निजीकरण की समस्या बढ़ रही है वहीं मनोरोग व कैंसर अस्पताल के बाद अब सेक्टर एक हास्पिटल में पैरामेडिकल स्टाफ की दिक्कतों से मरीजों को जूझना पड़ रहा है। विभिन्न सेक्टरों में बने बीएसपी हेल्थ सेंटर एक एक कर बंद होते जा रहे हैं या फिर इनमें डाक्टरों व स्टाफ की किल्लत बनी हुई है। तेरह सेक्टरों में बने आधा दर्जन हेल्थ सेंटर बंद किए जा चुके हैं जिसके चलते बीएसपी कर्मियों व परिजनों को दूर सेक्टर नौ हास्पिटल सर्दी जुकाम या मलहम पट्टी के लिए जाने मजबूर होना पड़ रहा है। यूनियनों के आए दिन बीएसपी के आला अधिकारियों से सुविधाओं को अपडेट करने व आश्वासन मिलने के बाद भी स्थिति दिन प्रतिदिन कमतर होती जा रही है।

### सेक्टर एक अस्पताल में भी पैरामेडिकल स्टाफ की समस्या बढ़ी



### नर्सिंग स्टॉफ कम होने से बढ़ रही परेशानी

साठ के दशक में बीएसपी व टाउनशिप के निर्माण के दौरान के समय ही बीएसपी द्वारा सभी चौदह सेक्टरों में हेल्थ सेंटर ( प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ) खोले गए थे। इनका उद्देश्य सर्दी जुकाम आदि छिटपुट बीमारियों के इलाज,चेकअप आदि की सुविधाएं अपने ही सेक्टर में कर्मियों को उपलब्ध कराना था। ताकि साठ हजार कर्मियों व लाखों परिजनों को दूर सेक्टर नौ मेन हास्पिटल न जाना पड़े और इस अस्पताल पर लोड भी न बढ़े। लेकिन पिछले कुछ सालों को दौरान एक एक कर कई हेल्थ सेंटरों को बंद कर दिया गया। खुर्सीपार, सेक्टर 6,सेक्टर 10, सेक्टर 5,सेक्टर 4, सेक्टर 3 और सेक्टर 3 के हेल्थ सेंटर बंद हो चुके हैं। सेक्टर 6 व सेक्टर 4 हेल्थ सेंटर में बीएमएस व इंटक यूनियन कार्यालय अलाटेड है। वहीं सेक्टर 10 व सेक्टर 5 हेल्थ सेंटर में राज्य स्वास्थ्य विभाग व सेक्टर 5 में रिटायरबीएसपी कर्मचारी वेलफेयर कार्यालय संचालित है। हेल्थ सेटरों के बंद होने से रिटायर,बच्चों व महिलाओं को छिटपुट बीमारियों के लिए सेक्टर नौ हास्पिटल जाना पड़ रहा है। इससे उन्हें परेशानी हो रही है और सेक्टर नौ हास्पिटल में मरीजों का लोड भी बढ़ रहा है।

### से. 1 अस्पताल में बढ़ी पैरामेडिकल समस्या

टाउनशिप के सबसे पुराने अस्पताल सेक्टर एक हास्पिटल में पैरामेडिकल स्टाफ की समस्या से मरीजों के परेशानी हो रही है। यहां नर्सों, फार्मासिस्ट की किल्लत के चलते मरीज ही नहीं कार्यरत डाक्टरों को भी असुविधा हो रही है। चार माह दो नर्सें और एक फार्मासिस्ट रिटायर हो चुके हैं। एक अन्य नर्सिंग स्टाफ रिटायर होने वाला है। नए फार्मास्टि या दो नर्सों के अवकाश पर होने की स्थिति में चेकअप कराने आने वाले मरीजों को परेशानी होती है। वहीं डाक्टरों के सहयोग के लिए भी नर्सिंग स्टाफ की समस्या होती है। मरीजों ने बताया कि पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती पिछले कई साल से बंद होने व हर माह रिटायर होने से मेन पावर की समस्या बढ़ रही है। गौरतलब हो कि सेक्टर एक अस्पताल में पंद्रह साल पूर्व कैंसर अस्पताल व इसके पूर्व लंबे समय तक मनोरोग अस्पताल के रुप में संचालन किया जा रहा था। लेकिन सभी सुविधाएं सिमट चुकी हैं।

## उत्पादकता और प्रगति के नवाचारी प्रयास एपेक्स अवार्ड से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के इंडसट्रियल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा महात्मा गांधी कलामंदिर सभागार में भिलाई स्टील सुझाव योजना के अंतर्गत एपेक्स पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र के मुख्य आतिथ्य थे। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक प्रवीन निगम, पवन कुमार,राकेश कुमार सहित पुरस्कार विजेता उपस्थित थे। पुरस्कार वितरण के अंतर्गत 3 टीमों को श्रेणी-1, 5 टीमों को श्रेणी-2 तथा 8 टीमों को श्रेणी-3 पुरस्कार प्रदान किए गए। श्रेणी-1 के तहत सर्वश्रेष्ठ सुझाव के लिए डॉ. बीआर आंबेडकर पुरस्कार' एसएमएस-3 एवं आईडब्ल्यू विभागों की एक क्रॉस-फंक्शनल टीम को प्रोजेक्ट एसएमएस-3 में यूआरएम में ब्लूम्स की प्रिसीजन कास्टिंग के लिए आंतरिक संसाधनों के माध्यम से विकसित ब्लूम वज़न (वेइंग) प्रणाली का क्रियान्वयन तथा उत्पादन प्रक्रिया का अनुकूलन के लिए दिया गया।

### सुधार के अवसरों को पहचानें

मुख्य अतिथि श्री महापात्रा ने प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार का टोकन प्रदान कर सम्मानित किया, जो विजेताओं के अगले वेतन के माध्यम से क्रेडिट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एपेक्स पुरस्कार कर्मचारियों को पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़कर सोचने, सुधार के अवसरों की पहचान करने तथा प्रभावशाली समाधान लागू करने के लिए मंच है। स्वागत भाषण जीएम चंद्रानन जैन ने दिया। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक शिवांगी तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

### प्रधानमंत्री आवास के लिए लॉटरी 6 को

**भिलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एएचपी किफायती आवास मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक से निर्मित आवासों का आबंटन किया जाना है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार निगम सभागार कक्ष में 6 मार्च को दोपहर 12.30 बजे लॉटरी आयोजित की जाएगी।जानकारी के अनुसार सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर कुल अंशदान राशि 10 प्रतिशत तथा बेदखली व्यवस्थापन के लिए हितग्राही से 75000 रुपए निगम कोष में जमा कराया जा रहा है।

## कृष्णा वाटिका रिसॉर्ट में जुआ खेलते 16 जुआरी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अमलेश्वर थाना क्षेत्र में स्थित कृष्णा वाटिका रिसार्ट में दबिश देकर 16 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कृष्णा वाटिका रिसॉर्ट में दबिश देने टीम पहुंची। जहां से जुआ खेल रहे रावतपुरा कॉलोनी रायपुर निवासी रोहित निर्मलकर, पाठागांव, रायपुर नरेशन सोनकर, सत्यम विहार, रायपुर प्रमोद वर्मा, गुरुवार बाजार चौक मुकेश कुमार धीमर, ग्राम खुडमुड़ा संजू सोनकर मगरघटा नारायण टंडन, बस्तीपारा कुथरेल डिजेन्द्र निर्मलकर, पुनीत राम साहू , विनोद अमरदास, सत्यम विहार रायपुर शुभम चंद्राकर, पाठागांव रायपुर गोपाल सोनकर उर्फ गोपी , अमलेश्वर मनीष साहू, उर्फ गुड्डु, सोनू साहू उर्फ दुर्गेश, ग्राम खुडमुड़ा सत्यनारायण साहू, सत्यम विहार रायपुर संजय साहू, अमलेश्वर महेंद्र साहू को पकड़ा गया। जुआरियों से पुलिस ने नगदी 3.59 लाख 470 रुपए, ताश पत्ती जब्त किया। मौके से 22 मोबाइल फोन, 3 बाइक, 3 चार पहिया वाहन भी बरामद किए गए है। जिसकी कीमत 25 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है।

### पारंपरिक पहाड़ी गीतों और लोकनृत्यों ने मोहा मन जड़ों से जुड़े रहने दिया संदेश

भिलाई। उत्तराखंड सांस्कृतिक मंडल भिलाई के तत्वावधान में मिलन समारोह का आयोजन उत्तराखंड भवन सेक्टर 7 भिलाई में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कृष्णा नंद कब्डवाल एवं समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। जिसके बाद सरस्वती वंदना की गई, जिससे वातावरण भक्तिमय और सांस्कृतिक ऊर्जा से ओतप्रोत दिखाई दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न नगरों रायपुर, राजनांदगांव, बेमेतरा, डोंगरगढ़, अंबिकापुर एवं कांकेर से आये उत्तराखंडी समाज के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने मिलकर अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने का संदेश दिया। समारोह के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुति दी गई, जिसमें पारंपरिक पहाड़ी गीतों एवं लोकनृत्यों ने सभी का मन मोह लिया। कलाकारों ने अपनी जीवंत प्रस्तुतियों से उत्तराखंड की समृद्ध लोकसंस्कृति की झलक प्रस्तुत की।

## बीएमडीसी में एंटरप्राइज रिस्क मैनेजमेंट सुदृढ़ीकरण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- नैतिक सतर्कता और पारदर्शिता जरुरी : सिंघल

भिलाई इस्पात संयंत्र के एचआर–एल एंड डी विभाग द्वारा भिलाई मैनेजमेंट डेवलपमेंट सेंटर (बीएमडीसी) में एंटरप्राइज रिस्क मैनेजमेंट सुदृढ़ीकरण विषय पर प्रबंधन विकास कार्यक्रम का आयोजन भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रायपुर के फैकल्टी सहयोग से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कहा कि सतत विकास, नियमकीय अनुपालन तथा रणनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए संरचित, सक्रिय एवं दूरदर्शी जोखिम प्रबंधन प्रणाली अत्यंत आवश्यक है। महाप्रबंधक (ईआरएम एवं एसडीजी) एवं मुख्य जोखिम अधिकारी, सेल कॉर्पोरेट कार्यालय, डॉ. गीता शर्मा ने कार्यक्रम की रुपरेखा बताई। तकनीकी सत्र आईआईएम रायपुर के प्राध्यापकों द्वारा संचालित किए गए। प्रो. राजीव ए एवं प्रो. प्रणीत कुमार रॉय ने जोखिम पहचान ढांचे, सेबी एलओडीआर विनियमों एवं कंपनी अधिनियम के प्रावधानों, मात्रात्मक जोखिम मूल्यांकन पद्धतियों तथा वित्तीय एवं परियोजना जोखिम प्रबंधन पर चर्चा की।



### व्यवसाय निरंतरता पर जोर

दूसरे दिन के सत्रों में जटिल जोखिमों पर विशेष फोकस किया गया। प्रो. जितिन पी ने भू-आर्थिक एवं भू-राजनीतिक जोखिमों के वैश्विक प्रभावों पर विचार साझा किए। प्रो. जितेश ए ने साइबर सुरक्षा व व्यवसाय निरंतरता योजना पर व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। प्रो. संदीप एस ने सुशासन व दीर्घकालिक कॉर्पोरेट लक्ष्यों के साथ समन्वित पर बल दिया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक सुनील सिंघल ने नैतिक सतर्कता, पारदर्शिता पर जोर दिया। धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक प्रभारी संजीव श्रीवास्तव और आभार प्रदर्शन महाप्रबंधक सौरभ वार्ष्णेय ने समापन सत्र पर धन्यवाद ज्ञापन दिया।

### बीएसपी ओए की बैठक में निर्णयों का किया स्वागत

# एसईएसबीएफ के बोर्ड ऑफ ट्रस्टिस के निर्णयों से कर्मियों का कम होगा पेंशन का टेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के एक्सीक्यूटीव काउंसिल ने एसईएसबीएफ के बोर्ड आफ ट्रस्टिस के अहम निर्णयों को सेल कर्मचारियों के हितों को सर्वधन करने वाला बताया है। कहा कि फंड संबंधी फैसलों से रिटायर कर्मियों को पेंशन में सुविधा होगी। ओए की प्रगति भवन सिविकसेंटर में हुई बैठक में । कोलकाता में आयोजित एसईएसबीएफ (सेल कर्मचारी सेवानिवृत्ति अनुलाभ निधि) के बोर्ड ऑफ ट्रस्टिस की बैठक में लिए गए निर्णयों का स्वागत किया गया। सदस्यों को कर्मियों के हितों में लिए गए निर्णयों की जानकारी दी गई। ओए अध्यक्ष एनके बंछोर ने बताया कि एसईएसबीएफ की स्थापना वर्ष 1989 में उस समय की गई थी जब कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर कोई पेंशन संबंधी लाभ उपलब्ध नहीं था। कर्मचारियों को अतिरिक्त पेंशन लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से यह कोष बनाया गया था। कर्मचारी अपने वेतन का 2 प्रतिशत प्रतिमाह एसईएसबीएफ में अंशदान करते थे। इस फंड में कंपनी के ओर से कोई भी अंशदान नहीं किया गया। भारत सरकार के लोक उद्यम विभाग (डीपीई) के निर्देशों के अनुसार, सेल पेंशन योजना (एसपीएस) की स्थापना की गई, जिसके अंतर्गत नियोक्ता के रूप में सेल को इस योजना में अंशदान करने की अनुमति दी गई। कर्मचारियों को इस योजना के अनुसार एन्युटी आधारित पेंशन सेवानिवृत्ति या सेवा से पृथक्करण पर प्राप्त होती है। एसपीएस के अंतर्गत सेल पेंशन ट्रस्ट का गठन किया गया, जिसने योजना के अंतर्गत प्राप्त पेंशन अंशदान को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में निवेश करने का विकल्प चुना।



### बंद होगी कटौती

कार्मिकों के वेतन से एसईएसबीएफ के लिए मूल वेतन प्लस महंगाई भत्ता का 2 प्रतिशत की दर से की जा रही कटौती 1 अप्रैल 2026 से (यानी मार्च 2026 का वेतन, जो अप्रैल 2026 में देय होगा) बंद कर दी जाएगी। 31 मार्च 2026 तक प्रत्येक अंशदाता के एसईएसबीएफ खाते में संचित अंशदान एवं उस पर अर्जित आय/ब्याज की शेष राशि आवश्यक औपचारिकताएँ पूर्ण करने के बाद संबंधित कार्मिकों के एनपीएस खाते में स्थानांतरित की जाएगी। कार्मिकों को यह विकल्प प्रदान किया जाएगा कि वे स्वैच्छिक आधार पर अपने मूल वेतन प्लस महंगाई भत्ता का 2 प्रतिशत मासिक अंशदान अपनी संबंधित एनपीएस खाते मकंपनी द्वारा किए जा रहे नियमित/आवधिक अंशदान के अतिरिक्त, जारी रख सकें। इसके अलावा एसईएसबीएफ के ट्रस्टिस ने एसईएसबीएफ के अध्यक्ष राजीव पांडेय व सचिव पवन कुमार अग्रवाल को सम्मिलित करते हुए प्रबंध समिति को ट्रस्ट के समापन एवं निधि के एनपीएस में अंतरण की प्रक्रियाओं/व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने तथा मध्यावधि में सेवानिवृत्त/सेवा से पृथक होने वाले कार्मिकों के मामलों का निपटान करने के लिए अधिकृत किया है। बैठक में सेफी चेयरमेन एवं ओए-बीएसपी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर, महासचिव अंकुर मिश्रा, कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू, सेफी नामिनी अखिलेश मिश्रा, उपाध्यक्ष रेमी थॉमस, सचिव प्रहलाद मौर्या, अनु पी सहित जोनल प्रतिनिधिगण सुष्मिता पाटला सोमेश द्विवेदी, विकास सिंहा, एम के गुलाटी, विवेक सिंह चौहान, एस के नगाले, अंकुर राठौर, एच एल सोनवानी, विनीत वर्मा, टी के सिन्हा, रोहित हरित, विनिता वर्मा, डॉ. तनुजा आनंद, डॉ. नीला, नीरजा शर्मा, के. संगीता आदि उपस्थित थे।

## कोसा नाला गहरीकरण और सूर्या मॉल चौक से अतिक्रमण हटाने के दिए आदेश



**भिलाई।** भिलाई नगर निगम के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सोमवार को जोन-1 नेहरू नगर क्षेत्र का निरीक्षण किया।

सबसे पहले आयुक्त ने सुपेला थाना के पीछे स्थित कोसा नाले का जायजा लिया। हर साल बारिश में इस इलाके में पानी भरने की शिकायतें आती रही हैं। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि नाले का गहरीकरण और चौड़ीकरण तेजी से पूरा किया जाए। यहां रिटेनिंग वॉल का निर्माण भी जारी है, ताकि मानसून के दौरान आसपास की बस्तियों को राहत मिल सके। नाले के किनारे किए गए अतिक्रमण को चिन्हित कर तत्काल कार्रवाई करने को कहा गया है। निरीक्षण के दौरान एसएलआरएम सेंटर का भी अवलोकन किया गया। नियमित मॉनिटरिंग और जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए गए। संजय नगर वार्ड-6 में पुराने नाले पर बनी रिटेनिंग वॉल का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता और समयसीमा का ध्यान रखने को कहा गया। नेहरू नगर के सूर्या मॉल चौक पर व्यापारियों के अतिक्रमण और ट्रांसफॉर्मर की वजह से सड़क संकरी हो गई है। आम लोगों को रोजाना जाम और असुविधा झेलनी पड़ रही है।

## खबर संक्षेप

### आदान राशि किसानों की समृद्धि का ऐतिहासिक कदम



**दुर्ग।** राज्य की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पिछले दिनों किसानों को आदान राशि जारी की है। इनपुट सहायता के रूप में 10,000 करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण किया गया है। इसका दुर्ग जिला भाजपा ने स्वागत किया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता नितेश साहू ने कहा कि राज्य सरकार की किसान हितैषी नीति का सशक्त प्रमाण है। कृषक उन्नति योजना के माध्यम से धान उत्पादक किसानों को प्रति क्विंटल 3100 की दर से भुगतान सुनिश्चित कर सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि किसान कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह पहल किसानों की आय बढ़ाने, खेती को लाभकारी बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। होली जैसे पावन पर्व से पूर्व किसानों के खातों में सीधे राशि अंतरण से लाखों परिवारों को आर्थिक संबल मिला है। यह निर्णय केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि अन्नदाताओं के सम्मान और विश्वास का प्रतीक है। राज्य सरकार ने जो वादा किया था, उसे पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ निभाया है। किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाना भाजपा की नीति और संकल्प दोनों है।

### किरण बनीं महिला मोर्चा की जिला मंत्री

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी जिला महिला मोर्चा ने किरण मिश्रा को जिला मंत्री के नियुक्ति किया है। उनकी नियुक्ति पर समाज के लोग व कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है।

### दीर्घ सेवा उपरांत देशमुख हुए सेवानिवृत्त

**दुर्ग।** जिला पंचायत सभा कक्ष में नरेन्द्र कुमार देशमुख, सहायक ग्रेड-2 की सेवानिवृत्ति उपरांत विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने की। देशमुख जी की प्रथम नियुक्ति 8 दिसंबर 1989 को टायपिस्ट के पद पर हुई थी। बाद में नियमितीकरण उपरांत 04 जून 1999 से सहायक ग्रेड-02 के पद पर कार्यरत रहे। उन्होंने लगभग 37 वर्ष 02 माह 19 दिन की उल्लेखनीय सेवा प्रदान की। इस अवसर पर जिला पंचायत श्रद्धा साहू, नीलम चंद्राकर, आकाश सोनी, कुलदीप देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

### डॉ. खूबचंद बघेल महाविद्यालय में सांसद ने किया पुरस्कार वितरण

**भिलाई।** डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 में पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अश्विनी महाजन ने की। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. अनुपमा अस्थाना,क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, भूपेन्द्र कुलदीप, चरोदा मंडल भाजपा अध्यक्ष ए गौरीशंकर, सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर. बालमुकुंद वर्मा, तुलसी ध्रुव, श्याम सुंदर जायसवाल, परमजीत सिंह, धीरेन्द्र प्रसाद, वीरेन्द्र गढ़वाल,अभिषेक शर्मा मौजूद थे। मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं राजकीय गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सांसद बघेल ने कहा कि वर्ष 1983 में महाविद्यालय की शुरुआत लगभग सवा सौ छात्रों से हुई थी।

छत्तीसगढ़ समक्ष- श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.)
तपसी राम भांडेकर पिता सुकलू राम भांडेकर, जाति मोची, उम्र 59 वर्ष, निवासी ग्राम व पोस्ट अरजपुरी, तहसील डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.)

// शपथ पत्र //

मैं शपथकर्ता निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं -
1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि, मुझ शपथकर्ता का नाम तपसी राम भांडेकर (**TAPSI RAM BHANDEKAR**) पिता सुकलू राम भांडेकर (**SUKALU RAM BHANDEKAR**) एवं जन्मतिथि 11/10/1966 है जो कि सत्य व सही है तथा मेरे आधार कार्ड क्र. 6714 5677 5240 में अंग्रेजी वर्णमाला में **TAPASI RAM BHANDEKAR** जन्मतिथि 10/10/1966 त्रुटिवश दर्ज हो गया।
3. यह कि, मुझ शपथकर्ता के आधार कार्ड में अंग्रेजी वर्णमाला में दर्ज नाम TAPASI RAM BHANDEKAR एवं जन्मतिथि 10/10/1966 को सुधार कर वास्तविक व सही नाम **TAPSI RAM BHANDEKAR** एवं जन्मतिथि 11/10/1966 दर्ज कराने की सूचना प्रकाशन छ.ग. राजपत्र (गजट) में प्रकाशित कराने बाबत शपथ पत्र माननीय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.) के समक्ष आज दिनांक 02/03/2026 को निष्पादित है।
4. यह कि, शपथ पत्र में दी गई जानकारी सत्य व सही है, असत्य पाये जाने पर संपूर्ण जवाबदारी शपथकर्ता की होगी।

**शपथकर्ता**

-: सत्यापन :-

मैं शपथकर्ता तसदीक करता हूँ कि शपथपूर्वक बयान कंडिका 01 से 04 तक के कथन मेरे अधिकतम एवं निजी/ज्ञान व विश्वास से सत्य व सही है। अतः आज दिनांक 02/03/2026 को मुकाम डौण्डीलोहारा में पढ़/पढ़ाकर समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूँ।

**सत्यापनकर्ता**

### भ्रमण : सुरक्षा ब्रीफिंग के साथ हुआ प्रस्थान

# राजहरा खदान कर्मियों के परिजनों ने देखा लौह अयस्क से इस्पात बनने का सफर, सावधानियों और सुरक्षा मानको को जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित आप भी जानिए कार्यक्रम के अंतर्गत राजहरा खदान के कर्मचारियों की पत्नियों के लिए संयंत्र भ्रमण का सफल एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य परिवारजनों को उस औद्योगिक प्रक्रिया से अवगत कराना था, जिसके माध्यम से दल्ली राजहरा की धरती से प्राप्त लौह अयस्क भिलाई में उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात में परिवर्तित होता है। विदित है कि दल्ली राजहरा से प्राप्त लौह अयस्क ही भिलाई इस्पात संयंत्र की जीवनरेखा है। यहां के श्रमिकों के अथक परिश्रम से निकला अयस्क राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस दृष्टि से दल्ली राजहरा केवल एक खदान क्षेत्र नहीं, बल्कि संयंत्र की सुदृढ़ आधारशिला है।

भिलाई रवाना होने से पूर्व एमवीटी सेंटर, दल्ली राजहरा के सभागार में प्रतिभागियों को भ्रमण के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों एवं सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी दी गई। राजहरा खदान के महाप्रबंधक एस. बास्के ने औद्योगिक परिसर में अनुशासन, समूह में संचलन, सुरक्षा उपकरणों के अनिवार्य उपयोग तथा निर्धारित मार्गों के पालन पर विशेष बल दिया। इसके पश्चात सामूहिक छायाचित्र लिया गया और भ्रमण दल बस द्वारा भिलाई के लिए रवाना हुआ।



**एचआरडीसी सभागार में औपचारिक कार्यक्रम**





भिलाई पहुंचने पर एचआरडीसी सभागार में औपचारिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि मानव संसाधन विभाग के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे। अध्यक्षता खदान समूह के कार्यपालक निदेशक कमल भास्कर ने की। विशेष अतिथि के रूप में लौह अयस्क समूह राजहरा के मुख्य महाप्रबंधक आर.बी. गहरवार तथा मानव संसाधन विभाग के महाप्रबंधक (प्रभारी) जे.एन. ठाकुर उपस्थित रहे। जे.एन. ठाकुर ने कहा कि संयंत्र की कार्यप्रणाली अत्यंत तकनीकी एवं जटिल है, जिसे प्रत्यक्ष देखने से नई समझ विकसित होती है। आर.बी. गहरवार ने रावघाट खदान के प्रारंभ होने से संयंत्र की उत्पादन क्षमता और अधिक सुदृढ़ होने की बात कही।अध्यक्षीय संबोधन में कमल भास्कर ने बताया कि खदानों में कर्मचारी धूप, वर्षा और विपरीत परिस्थितियों में कठिन परिश्रम कर संयंत्र की मांग के अनुरूप लौह अयस्क की आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य परिवारजनों को इस्पात निर्माण की वास्तविक परिस्थितियों से अवगत कराना है तथा सुरक्षा को सर्वोपरि रखने पर जोर दिया। सुरक्षा अधिकारी नरेन्द्र राव ने विस्तृत सुरक्षा जानकारी प्रदान की। धन्यवाद ज्ञापन गिरीश मढ़रिया ने किया तथा संचालन शैलेष पटनायक ने किया।

### धमनभट्टी से रेल मिल तक देखा संपूर्ण उत्पादन चक्र

भ्रमण के दौरान महिला दल ने सर्वप्रथम धमनभट्टी क्रमांक–8 का अवलोकन किया, जहां दल्ली राजहरा के लौह अयस्क को आधुनिक एवं स्वचालित प्रणाली से गलाया जाता है। इसके पश्चात एसएमएस–3 में आयरन के शुद्धिकरण की प्रक्रिया को देखा। यूनिवर्सल रेल मिल में 130 मीटर लंबी रेल पांत का निर्माण प्रत्यक्ष देखा गया, जिसे वेल्डिंग के माध्यम से 260 मीटर तक विस्तारित किया जाता है। प्लेट मिल में प्लेट निर्माण की प्रक्रिया ने विशेष रूप से प्रभावित किया। इसके अतिरिक्त कोक ओवन की कार्यप्रणाली का भी अवलोकन कराया गया। भ्रमण के सफल संचालन में श्रम कल्याण अधिकारी संतराम साहू एवं घनश्याम पारकर का विशेष योगदान रहा। सहयोगी के रूप में दिनेश्वरी और अनिता की सक्रिय भूमिका रही।

### प्रतिभागियों ने साझा किया अनुभव

भ्रमण उपरांत प्रतिभागियों ने लौह अयस्क समूह के प्रमुख आर.बी. गहरवार के समक्ष अपने अनुभव साझा करते हुए इसे ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और गौरवपूर्ण बताया। उनका कहना था कि इस कार्यक्रम से उन्हें अपने परिवारजनों के कार्य की महत्ता को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिला। सभी प्रतिभागियों ने संयंत्र प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रेरक कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा जताई। आप भी जानिए पहल ने खदान और संयंत्र के मध्य औद्योगिक ही नहीं, बल्कि भावनात्मक संबंधों को भी और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित किया।

## होली का अर्थ हो-ली, जो बात बीत गई, उसका चिंतन न करें, उस पर लगाएं फुल स्टाप

**भिलाई।** होली पर्व के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज के बघेरा स्थित आनंद सरोवर के कमला दीदी सभागार में होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें इंदौर मध्यप्रदेश की ब्रह्माकुमारी हिमांशु बहन बतौर मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित थी। कार्यक्रम की शुरुआत परमात्मा स्मृति के साथ हुआ।

जिसके बाद परिधी, सान्वि, किया, दिव्यांका द्वारा होली के गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर बघेरा, केलाबाड़ी, आर्य नगर, सिंधिया नगर, चंदखुरी और विभिन्न स्थानों के ब्रह्माकुमारी सेवाकेन्द्र के अनेक भाई-बहन उपस्थित हुए। इस अवसर पर होली पर्व की आध्यात्मिक रहस्य को बताते हुए ब्रह्माकुमारी दुर्ग जिले की संचालिका रीटा बहन ने कहा कि होली की विशेषता है जलाना, फिर मनाना और फिर मंगल मिलन करना। होली अर्थात पवित्र बनने के लिए पहले पुराने संस्कार, पुरानी स्मृतियां सभी को परमात्म याद के अग्नि में जलायेंगे, तभी परमात्मा के संग का रंग लगेगा और विश्व की सर्व आत्मायें प्रभु परिवार बन जायेगा।

होली का अर्थ यह भी है, हो-ली। जो बात बीत गयी उसका चिंतन न करना। ऐसी बातें जो मन को अशांत व दुःखी करने वाली उस बात को फुल स्टाप अर्थात बिन्दी लगाना है। कार्यक्रम में मंच संचालन ब्रह्माकुमारी चैतन्य बहन ने किया साथ ही सभी नगर व प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी।

## कांग्रेस की नई कार्यकारिणी ने पूर्व सीएम और गृहमंत्री से की मुलाकात

**भिलाई।** भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में कमेटी की नई कार्यकारिणी ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल



और पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू से उनके निवास पर मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया। सर्वप्रथम कार्यकारिणी पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के भिलाई-3 स्थित निवास पर पहुंची। अध्यक्ष चंद्राकर ने पुष्पगुच्छ से बघेल का स्वागत किया और कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों का परिचय कराया। भूपेश बघेल ने विश्वास जताया कि नई टीम पूरे जोश, होश और हिम्मत के साथ एक परिवार की तरह मिलजुल कर कार्य करेगी। इसके बाद कार्यकारिणी पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू के मीनाक्षी नगर बोरसी स्थित निवास पहुंची। ताम्रध्वज साहू ने नई टीम को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि साथी संकल्प लें कि हमें पार्टी को जमीनी मजबूत करना है। जनहित से जुड़ी कोई भी समस्या दिखे तो पार्टी के पदाधिकारी उसे मुखर रूप से उठाएं। लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए हम कार्य करेंगे तो पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास और बढ़ेगा।

## दल्लीराजहरा में आज हर्षोल्लास से मनाई जाएगी रंग पंचमी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

आज बुधवार को दल्लीराजहरा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में आज रंग पंचमी का पावन पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। होली के पांचवें दिन मनाया जाने वाला यह पर्व सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और आपसी प्रेम का प्रतीक माना जाता है। सुबह से ही शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, गलियों और मोहल्लों में रंगों की फुहार उड़ने की तैयारी पूरी कर ली गई है। युवाओं, बच्चों और महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

### दल्लीराजहरा बाजारों में सजी रंग-गुलाल की दुकानें

रंग पंचमी को लेकर दल्लीराजहरा नगर के मुख्य बाजार, बस स्टैंड क्षेत्र, पुराना बाजार, नया चौक सहित विभिन्न स्थानों पर रंग-गुलाल, पिचकारी, रंगीन टोपी, मुखौटे और पारंपरिक अबीर की दुकानें सज चुकी हैं। व्यापारियों के अनुसार इस वर्ष प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों की मांग अधिक है। ग्राहकों की भीड़ सुबह से ही बाजारों में उमड़ रही है, जिससे व्यापारियों में भी खुशी का माहौल है।

### क्यों मनाई जाती है रंग पंचमी?

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार होली के दिन दहन के माध्यम से नकारात्मक शक्तियों का अंत होता है, जबकि रंग पंचमी के दिन वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया जाता है। मान्यता है कि इस दिन रंग और गुलाल उड़ाने से वातावरण शुद्ध होता है तथा मन की नकारात्मकता दूर होती है। रंग-गुलाल लगाने की परंपरा आपसी प्रेम, समानता और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इस दिन लोग पुराने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को रंग लगाते हैं और गले मिलकर शुभकामनाएं देते हैं। यह पर्व सामाजिक समरसता और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश देता है।

**पुलिस प्रशासन की तैयारियां:** पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से मनाने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग ने भी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहेगा तथा नगर में गश्त बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचें।

### युवाओं में खास उत्साह

नगर के विभिन्न मोहल्लों में युवाओं द्वारा डीजे, ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक संगीत के साथ रंगोत्सव मनाने की तैयारी की गई है। कई स्थानों पर सामूहिक रंगोत्सव का आयोजन भी होगा, जहां लोग एकत्रित होकर गुलाल उड़ाएंगे और उत्सव का आनंद लेंगे। रंग पंचमी केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह दिलों को जोड़ने का पर्व है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जीवन में रंगों की तरह विविधता और खुशियां बनी रहें। दल्लीराजहरा में आज रंगों के इस महापर्व पर पूरा शहर एक रंग में रंगा नजर आएगा और "बुरा न मानो होली है" के उल्लासपूर्ण स्वर के साथ लोग एक-दूसरे को रंग पंचमी की शुभकामनाएं देंगे। रंगों के इस उत्सव में दल्लीराजहरा आज फिर प्रेम, भाईचारे और उमंग का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

## पेज 11 का शेष

### अवैध काष्ठ का ...

की इस सशक्त, साहसिक और लगातार जारी कार्रवाई की पूरे क्षेत्र के लोगों ने ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने इसे वन संरक्षण की दिशा में निर्णायक कदम बताया है। जिला वन मंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल के नेतृत्व में चल रही यह मुहिम अब एक मॉडल एक्शन अभियान के रूप में देखी जा रही है, जो पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

### बालोद पुलिस ने ..

टीम गठित किया गया। टीम द्वारा गांव में कई दिनो तक कैम्प किया गया एवं घटना के हर एक पहलू को ध्यान देते हुए बारीकी से पड़ताल किया गया व मुखबिरों को लगाया गया, ग्रामीणो से घटना के संबंध जानकारी प्राप्त किया गया। मृत महिला के संबध में जानकारी प्राप्त किया जिससे पता चला कि विगत कुछ सालो से महिला मानसीक रूप से बीमार चल रही थी व घरलू कार्य नही करती थी, बार बार अपने मायके दुर्ग बिना बताए चले जाती थी। घटना के एक दो दिन पहले ही अपने ससुराल देवीनवागांव आई थी। टीम द्वारा सभी पहलू पर बारीकी से जांच करने के बाद मृतिका के पति धर्मेन्द्र निषाद पर शक होने पर उसे बारीकी से पूछताछ करने पर पहले वह गोल मोल जवाब दे रहा था, तकनीकी साक्ष्य व अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य के आधार पर दुबारा बारीकी से पूछताछ करने पर उसने घटना करना कबूल किया।

### पति निकला ....

पत्नी द्वारा रखे स्कार्फ को सिर एवं गला में लपेट कर ढक दिया ताकि लोग समझे कि गिरने से स्कार्फ फंसने से मृत्यु हुई है। उसके बाद वहां से वापस खेत के रास्ते अपने घर आ गया। आरोपी धर्मेन्द्र निषाद को गिरफ्तार कर न्यायिक रिंमाड पर भेजा जा रहा है।

### आदर्श होली का ...

संकल्प कुरीतियों के अंत का कारण बनेगा। वरिष्ठ शिक्षक सियाराम शार्वा ने इसे अनुकरणीय पहल बताते हुए कहा कि इससे समाज में आदर्श होली मनाने की प्रेरणा मिलेगी। ब्रह्माकुमारी संस्था की प्रतिनिधि बहन ने कहा कि जीवन में ममता, करुणा, प्रेम, दया और प्रभु के प्रति समर्पण के सात दिव्य रंग ही सच्ची आध्यात्मिक होली हैं। राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता बी.एल. साहसी ने इस पहल को वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया। महिला मंडल सदस्य माया ठाकुर एवं व्याख्याता हर्षा देवांगन ने नशामुक्त, मांस-मदिरा रहित और संस्कारित होली मनाने का आह्वान किया। अंत में नारी जागरण प्रभारी तुलसी साहू ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में और व्यापक स्तर पर आयोजन करने का संकल्प दोहराया। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं का सक्रिय सहयोग रहा। पूरे आयोजन ने डौंडीलोहारा में एक नई चेतना का संचार किया और संदेश दियाआदर्श होली मनाएंगे, व्यसन व कुरीतियां मिटाएंगे।

### चिटौद स्कूल में आपदा प्रबंधन ...

मदद से व्यवस्थित इलाज किया गया। इन नन्हे बच्चों ने संदेश दिया कि आप सभी तैरना जरूर सीखें, हमेशा समूह में तैरें, नदी–नाले, समुद्र के बहाव से बचें, बच्चों को कभी भी तालाब, स्विमिंग पूल के पास अकेला न छोड़ें, बचपन में ही बेहतर जीवन जीने का संस्कार दें।इस दौरान संस्था प्रमुख एम.चंद्राकर व शुची साहू उपस्थित रहीं, ग्राम पंचायत सरपंच तीरथ यादव, उपसरपंच रमेश नेताम, विद्यालय समिति अध्यक्ष संजना पाठक, अधिवक्ता सुरेंद्र तिवारी, सचिव मनोज कुमार साहू, आरएचओ नीलकमल सिन्हा, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिन्हा आदि ने इस आयोजन के लिए विद्यालय परिवार की पहल की प्रशंसा की।

### गायत्री शक्तिपीठ ...

समन्वयक बी. एस. अठनागर सहित सभी ब्लॉक समन्वयक एवं बड़ी संख्या में गायत्री परिजन उपस्थित रहे। मंच संचालन डौंडी ब्लॉक के सह-समन्वयक संतोष कोरटिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान वार्ड क्रमांक 7 दल्ली राजहरा के पार्षद वीरेंद्र साहू ने गायत्री शक्तिपीठ भवन निर्माण हेतु रु 5000 की नगद सहयोग राशि प्रदान की। उपस्थित परिजनों ने उनके इस योगदान की सराहना की। गायत्री शक्तिपीठ दल्ली राजहरा की ओर से नागरिकों से अपील की गई है कि वर्षों पुराने गायत्री मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य में सहयोग प्रदान करें, ताकि यह आध्यात्मिक केंद्र भविष्य में समाज को संस्कार, सेवा और संगठन की नई दिशा देता रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना के साथ किया गया।

### गांवों में कचरे से महिलाएं अर्जित करेंगी आय

**दुर्ग।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जनपद पंचायत दुर्ग, धमधा एवं पाटन में स्वच्छाग्राही दीदीयों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ देवी दास निमजे समर्थन संस्था द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें लगभग 300 स्वच्छाग्राही उपस्थित हुए। स्वच्छाग्राहियों को प्रशिक्षण में घरों से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरा के प्रबंधन एवं समूह का आय अर्जित कर गांव में स्वच्छता बनाये रखने एवं सुरक्षा का ध्यान रखते हुए असंगठित कार्ड, प्रतिमाह स्वस्थ्य जांच परिक्षण करने एवं प्राप्त कचरे को पृथक-पृथक कर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में भेजने एवं गांव में प्रतिदिन घर-घर कचरा कलेक्शन को बिजनेस मॉडल तैयार कर बाजार मुल्य पर कबाड़ी को विक्रय करने हेतु जोर दिया गया।

## शिवाजी महाराज के आदर्शों पर चलने का किया आह्वान

**भिलाई।** तहसील गुण्डरदेही के ग्राम सकरौद में छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा शिवाजी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्रपति शिवाजी महाराज के तेल चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। पूरे आयोजन में समाज की एकजुटता और गौरव का भाव साफ दिखाई दिया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष और दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल शामिल हुए। उन्होंने समाज के वरिष्ठजनों और जनप्रतिनिधियों को शाल, श्रीफल तथा शिवाजी महाराज की फोटो फ्रेम भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बालोद के अध्यक्ष सुरेन्द्र देशमुख ने की। विशिष्ट अतिथियों में गुरुदेव वीरेन्द्र, भाजपा बालोद अध्यक्ष चेतन देशमुख, तारिणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, पुरुषोत्तम चंद्राकर, अशोक भारतीय और रीना देशमुख सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बैठक 7 मार्च को

**बालोद।** गायत्री शक्तिपीठ बालोद में जन्म शताब्दी के संबंध में जिला के पदाधिकारियों एवं ब्लाक के पदाधिकारीयों की बैठक 07 मार्च शनिवार को रखी गई है। बैठक 12 बजे से रखी गई है। बताया गया कि 08 मार्च रविवार को 3 बजे से 5 बजे तक विश्व महिला दिवस के अवसर पर ब्लाक स्तरीय महिला नारी सम्मान दिवस मनाया जाएगा।

### गेमु बने मोर्चा के मंडल अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला और मंडल राजनांदगांव की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, संगठन मंत्री पवन कुमार साय, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह व जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा से अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह भुआर्य ने शुक्रवार को अपनी टीम घोषित की। जिसमें गेमुलाल कुंजाम को अनुसूचित जनजाति मोर्चा का उत्तर मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आदिवासी नेता गेमुलाल कुंजाम को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह भुआर्य, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत और उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित सिंह भाटिया का आभार व्यक्त किया है। गेमुलाल कुंजाम को उत्तर मंडल अनुसूचित जनजाति मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर राजनांदगांव जिले और प्रदेश के समाज प्रमुखों और महिला-पुरूषों में खुशी व्याप्त है।

### स्पर्धा में हिस्सा लेंगे नगर के 2 बॉडी बिल्डर

**राजनांदगांव।** नगर के 2 उभरते बॉडी बिल्डर कल 3 मार्च से विशाखापट्टनम आंध्रप्रदेश में आयोजित अखिल भारतीय अंतर महाविद्यालयीन बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 2026 में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय निर्णायक तामेश्वर बंजारे ने बताया कि गोविंद निषाद और निशांत उमरे जो शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में बी.कॉम द्वितीय सेमेस्टर में अध्ययनरत विद्यार्थी है। विगत दिनों आयोजित की गई स्पर्धा में मि. यूनिवर्सिटी का खिताब गोविंद व रनरअप निशांत उमरे रहे। ये दोनों खिलाड़ी आंध्रप्रदेश विशाखापट्टनम में यूनिवर्सिटी में 3 से 7 मार्च तक आयोजित होने वाली स्पर्धा में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। गोविंद निषाद व निशांत उमरे नगर के उभरते बॉडी बिल्डर हैं, जो अपनी कडी मेहनत, निरंतर अभ्यास से इस स्पर्धा के लिए चयनित हुए हैं। उक्त जानकारी तामेश्वर बंजारे ने दी।

### कमला कॉलेज में वार्षिक पदक वितरण समारोह

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिक पदक वितरण समारोह का आयोजन 26 फरवरी को महाविद्यालय ऑडिटोरियम में किया गया। सह प्रथम मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय एवं विशिष्ठ अतिथिगणों ने श्रीमती कमलादेवी राठी की भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया एवं वरिष्ठ प्राध्यापकगण द्वारा किया गया। संस्था प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते बताया कि हमारा महाविद्यालय जिले का एकमात्र महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय है, जिसे नैंक द्वारा ठ. ग्रेड दिया गया है, जहां एक साथ चार संकायों कला विज्ञान, वाणिज्य एवं गृहविज्ञान में अध्यापन कार्य होता है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## पर्व : बुरे कर्मों को त्यागकर अच्छे कर्म को अपनाने दिया संदेश

# बालोद में आदर्श होली मनाने के लिए निकाली रैली








हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शांति कुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार सारे भारत में आदर्श होली मनाने के संबंध में दिशानिर्देश प्राप्त हुआ था, जिसके अनुसार बालोद जिले में भी आदर्श होली मनाने की दिशा में प्रेरित करने रैली निकाली गई। जिसमें बालोद ब्लाक में 2 दिन से विभिन्न गांवो में जाकर गांव के मुखिया, सरपंच से मिलकर इस बार आदर्श होली मनाने प्रेरित किया गया।

जिसमे आग्रह किया गया कि होली की पूजा और होलीका दहन में महिलाओं को भी आमंत्रित किया जावे, ताकि पुराने कुरीति है उसे समाप्त किया जा सके। नशा मुक्त होली त्योहार मनाया जावे। नशे के कारण परंपरागत, आपसी प्रेम, आपसी सौहाद्र्र् भरी सामाजिक होली का संस्कार समाप्त हो रहा है, होली के लिए कीमती लकड़ियो की चोरी या हरे भरे पेड को काटकर पर्यावरण को नुकसान नहीं किया जाना चाहिए।

संदेश मे कहा गया होली प्रेम और उत्साह का त्योहार है, जिसमे जबरदस्ती गुलाल लगाना, गाली गलोचा होता है उसे समाप्त कर महिलाओ को आदर्श स्थान देना चाहिए। वर्तमान में युवा और बच्चे भी होली के शिक्षाप्रद इतिहास को भूल कए है, उन्हे अपनी गौरवशाली संस्कृति की जानकारी देना चाहिए। होली स्थान पर भक्त प्रह्लाद और नरसिंह भगवान की कथा सुनाया जाकर भक्तिमय वातावरण बनाया जाना चाहिए। होली जलाने के दिन प्रतिवर्ष अपनी एक बुराई त्याग कर अच्छाई अपनाना चाहिए। घरों में अश्लील चित्र को होली में जलाना चाहिए। होली में नरसिह भगवान विष्णु और प्रहलाद के नाम पर आहुति दिया जाना चाहिए।

नगर मे गायत्री परिवार द्वारा रैली में नशामुक्ति संबंधी प्रज्ञा गीत और नारे लगाते हुए गायत्री मंदिर से जय स्तंभ चैक, मरार पारा, नया पारा टिकरा पारा, पांडे पारा होते हुए घड़ी चौक से दुर्गा मंदिर आमा पारा, कुंदरूपारा, शिकारी पारा के होली स्थल पर जाकर लोगो को आदर्श होली के संबंध में जानकारी दिया अंत में गायत्री मंदिर के सामने होलिका दहन मंत्रेचार के विधि विधान पूजा कर हवन संस्कार पूर्ण किया गया।

### ये रहे उपस्थित

विशेष रूप से महिलाओ ने नशा मुक्ति गीत और नारे लगाए, इस दौरान हेमवती सिहारे, खेमिन, निर्मला सोनवानी, कमल साव, त्रिलोक साहू, टीआर साहू, लोचन साहू, दिलीप पटेल, युगल किशोर साहू, कमल किशोर टुवानी, निर्देश सोनबोई, अमृत सोनी, मोहन साहू, दशरथ कलिहारी तथा आंदोलन प्रभारी आरपी यादव उपस्थित रहे। प्रभारी मुख्य ट्रस्टी सिहारे ने पूजा अर्चन किया।

### होली मिलन में शामिल हुए पिछडा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य जायसवाल




**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ योग आयोग के तत्वावधान में रायपुर के सयाजी होटल में आयोजित होली मिलन भव्य कार्यक्रम में आयोग के अध्यक्ष के आमंत्रण पर प्रदेश भर के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, निगम मंडल- आयोग के अध्यक्ष, सदस्य, मंत्री,विधायक संघ परिवार के वरिष्ठ जन, भाजपा पदाधिकारी उपस्थित हुए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव जी की धर्मपत्नी कौशिल्या जी भी उपस्थित हुई थी। इस कार्यक्रम में डौंडी लोहारा भाजपा नेता एवं राज्य पिछडा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि, यह आयोजन भव्य था इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी फिल्म के सुपर स्टार व धरसींवा के विधायक अनुज शर्मा अपने बिंदास आवाज में फागगीत प्रस्तुत कर लोगों को उत्साह और उमंग से सराबोर कर दिया।

### चरोदा के त्रिदेव मंदिर में सामूहिक होलिका दहन किया



**जामगांव आर।** जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक अपने क्षेत्र के मित्र मंडली सहित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चरोदा के त्रिदेव मंदिर प्रांगण में सभी सम्मानित भाई–बहनों द्वारा सामूहिक रूप से होलिका दहन कार्यक्रम बड़े उत्साह, श्रद्धा और आपसी भाईचारे के साथ संपन्न हुआ। जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कहा यह आयोजन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि हमारी एकता, संस्कार और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। होली के पावन अवसर पर आयोजित होलिका दहन ने पूरे कॉलोनी परिवार को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया।



### ग्राम बोरवाय में दो दिनी फाग गायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ



**जामगांव आर।** दो दिवसीय फाग गायन प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम बोरवाय में किया जा रहा है। जिसमें अंचल के मंडलियों ने राधारानी एवं श्री कृष्ण के आकर्षक वेशभूषा एवं परिधान में अपनी प्रस्तुति दी।


आयोजन समिति बोल बम सेवा समिति के युवा साथियों के द्वारा समस्त ग्रामवासी के सहयोग से किया जा रहा है। यह आयोजन ग्राम बोरवाय के पुरानी धरोहर को पुनर्जऍवित करने का प्रयास है। जिसमें गांव के युवा पीढ़ी एवं बुजुर्ग सियान का समन्वय है। युवा कर्णधार गांव के सियान के मार्गदर्शन में फाग गायन एवं झांकी का आयोजन कर अपनी कला एवं संस्कृति को संजोने संवारने का कार्य कर रहे हैं। यह आयोजन विगत 9 वर्षों से अनवरत जारी है।

तहसील साहू समाज पूर्व उपाध्यक्ष डॉ गुलाब साहू ने कहा कि फाग प्रतियोगिता के माध्यम से जन मानस में संस्कृति का भरपूर संचार होता है और आने वाली पीढ़ी को संस्कृति और संस्कार से रूबरू होने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में डॉ गुलाब साहू नीरज सिन्हा अजय वर्मा, दयाराम चंद्राकर, महेश चंद्राकर, केश लाल साहू, नेत राम यदु,रूप लाल साहू, भेल चंद्राकर, संतोष साहू, लव साहू, अमरनाथ साहू, सुरेश साहू, दुलार यादव, हर प्रसाद साहू, राजू यदु, लोकेश चंद्राकर, पेमन गुरूपरख, लेकेश्वर साहू, भूपेंद्र यादव, तामेश्वर साहू, रूप राम देवांगन, रेवा प्रसाद यदु, ढाल सिंह साहू धमना एवं बोल बम जस एवं फाग मंडली राधा कृष्ण मंदिर बोरवाय सहित समाजसेवीयो का सराहनीय सहयोग रहा।

### योग आयोग अध्यक्ष ने गृह ग्राम में मेल मिलाप किया





**जामगांव आर।** होली त्योहार में छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा अपने पुत्र नीरज सिन्हा, लोकेश सिन्हा के साथ गृह ग्राम कुम्हली जामगांव आर प्रवास पर रहकर मेल मिलाप किए और होली मनाई। प्रवास के दौरान अनेकों पहलुओं को छूते हुए विविध विषयों पर हरिभूमि से भेंट चर्चा हुई। योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि कोई कितना भी शक्तिशाली हो अति सर्वत्र वर्जित है। हिरण्यकश्यप की बहन भक्त प्रहलाद की बुआ होलिका को आग में भी नहीं जलने का वरदान था। लेकिन प्रभु के अनन्य भक्त प्रहलाद को आग में जलाने की गलत भावना के साथ अग्नि में बैठी तो होलिका धू धू कर स्वयं जलकर नष्ट हो गई और इस प्रकार असत्य पर सत्य विजय होती है। सिन्हा ने कहा कि दायित्वों के निर्वहन में कार्य बड़ी उदारता शालीनता पूर्वक करना चाहिए, सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय को सर्वोपरी मानकर किया जाने वाला कार्य से कर्ता को संतोष सुकून मिलता है। उन्होंने कहा कि जब कार्य मन लगाकर किया जाता है तो थकान भी नहीं आती, बल्कि स्वमेव स्फूर्त ऊर्जा का संचार होता है।

### धनोरा में धूमधाम से मनाया गया होलिका दहन

- जलाया गया नारियल नींबु पुराना कपड़ा से होली
- आस्था की अनूठी परंपरा, फाग गीतों पर झूमे श्रद्धालु

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग मे हर साल की भांति इस वर्ष भी बढ़े धुम धाम के साथ मनाया गया। होलिका दहन दुर्ग मुख्यालय से लगा हुआ गांव में हर साल सभी भक्त गण दरबार के आगे इकठ्ठा होकर दुर्ग बोरसी रोड पर स्थित बघुवा के मुरती पर जाकर सभी भक्तों पुजा पाठ करके चाल रंग चुनरी गुलाल कपरी पान मिश्री नींबु चढ़ हाकर सभी भक्तों एवं ग्रामीण के खुशहाली के लिए प्रार्थना करते हैं। फिर वहां पर जितने भी लोग मौजूद रहते हैं। वे लोग बघुवा के पेट भीतर से एक एक पार होते हैं और अपने अपने घरों के सारे परेशानी एवं मनोकामना पूरी के लिए प्रार्थना करते हैं। फिर नाला के पास से दरबार के सामने नारियल नींबु पुराना कपड़ा भेलवा से नंद पंडा द्वारा चकमक पत्थर के चिंगारी से होलिका दहन मे आग लगाकर फिर एक दुसरे के उपर से नारियल नींबु पुराना कपड़ा भेलवा उतार कर होली में डाला गया। इस तरह से करने से सारे परेशानी दूर होते है और मनोकामना पूरी होती है। आगे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि गुलाब साहू के मंडली द्वारा होलिका के पास फाग गीत गाया गया। जिसे सुनकर सभी लोग नाचने झुमने लगगे और एक दुसरे को गुलाल रंग डालकर होली के बधाई देकर अपने अपने घरों को लौट गए। इस कार्यक्रम में हर जिले से लोग आते हैं। नगरी सिहावा धमतरी बालोद राजनांदगांव रायपुर बेमेतरा बिलासपुर छुरिया मानपुर अंबागढ़ चौकी हर साल होलिका दहन मे आते हैं। इस दौरान मुख्य रूप से शामिल रहे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी विनोद साहू ,राजू यादव, मनसुखा साहू, मनोज पटेल, रोमनाथ साहू, बबलू गज्जू, रायपुरीहा जीवराखन, बाबू लाल साहू, दिनेश साहू, मारियल साहू वासुदेव, स्प्रे दिनेश यादव ,रामु यादव ,ओमकार साहू ,टीकम गुमान, साहू चंद्र कांत देवांगन, एमलाल देवांगन, कल्याण देवांगन, ललित साहू, भोलू खिलेशवर साहू ,सुंदर सपरे, उपसरपंच संगीता ,सपरे आदि भक्त गण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। यह जानकारी दरबार प्रति निधी चंन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी।

### डिजिटल स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों को दिखाई गई होली की पौराणिक कथाएं



**गुरूर।** प्राथमिक शाला चिटौद में बच्चों को डिजिटल स्मार्ट क्लास में एलईडी टीवी और इंटरनेट के माध्यम यूट्यूब में होलिका दहन की कहानी, बालक प्रह्लाद की भक्ति, वरदान का दुरुपयोग से स्वयं का पतन, सत्य का असत्य पर विजय की कहानी दिखाया गया। इसके साथ ही अगले दिन रंगों के पर्व के बालकृष्ण की नटखट लीलाओं, बरसाने वाली राधे की कहानी और गोप–ग्वालों के रास लीला के बारे में वीडियो कहानी के माध्यम से बच्चों में आध्यात्मिक पर्व की ऊर्जा संचारित की गई।

### चिटौद में हर्षोल्लास से मनाई गई होली

गुरूर। शासकीय प्राथमिक विद्यालय चिटौद में विद्यार्थियों संग संस्था प्रमुख व शिक्षकों ने होली के एक दिन पूर्व एक दूसरे को रंग लगाकर उमंग और सौहार्द्र के पर्व को मनाया। उन्होंने समस्त देशवासियों को इस सामाजिक एकजुटता भरे पर्व के संबंध मे बताया।

## होली पर जिले की सुरक्षा के लिए 800 पुलिस जवानों की तैनाती

**भिलाई।** होली पर्व को लेकर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने 2 मार्च को होलिका दहन और 4 मार्च को रंग-गुलाल की होली मनाया जाना है। पुलिस ने पूरे जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था किया है।

पुलिस की बाज टीम होली पर्व हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखेगी। जिला पुलिस ने पूरे जिले को 10 अनुविभागों में बांट दिया है। हर इलाके पर अलग-अलग अफसर निगरानी रख सकें। शहर से ग्रामीण क्षेत्रों तक हर थाना और चौकी को जिम्मेदारी दी गई है। दुर्ग, मोहननगर, पद्मनाभपुर, पुलगांव, भिलाई नगर, सुपेला, छावनी, पुरानी भिलाई, कुम्हारी, पाटन, धमधा और नंदिनी सहित सभी इलाकों में पुलिस बल तैनात रहेगा।

## ग्राम भोथली में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन





**गुरूर।** ग्राम भोथली में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 23 फरवरी से किया गया था जिसका समापन 3 मार्च को हुआ। जिसमे कथा वाचक ज्ञानेश्वर महराज थे। कथा 23 फरवरी को कलश यात्र, वेदीपूजन, गोकर्ण कथा के सांथ हुआ। 24 फरवरी को महाभारत प्रसंग, भीष्म का परलोक गमन, परीक्षित जन्म कथा सुनाई गई। 25 फरवरी को सृष्टि वर्णन, वराहवतार, कपिल प्रसंग, धुरव चरित्र कथा सुनाई गई। 26 फरवरी को दुधु महराज, जड़भरत, प्रहलाद कथा सुनाई गई। 27 फरवरी को गजोद्वार, समुद्रमंथन, वामनअवतार, श्रीकृष्ण जन्म कथा सुनाई गई। 28 फरवरी को बाललीला उत्सव, पुतनावध, माखन चोरी प्रसंग हुआ। 1 मार्च को श्री वृद्बावन लीला, मथुरा प्रसंग, रूखमणी मंगल कथा सुनाई गई। 2 मार्च को श्री द्वारिका लीला, सुदामा, परीक्षित मोक्ष कथा सुनाई गई। 3 मार्च को गीतासार, यज्ञा पुर्णाहुति, महाप्रसादी, वैष्णव भंडारा हुआ।

## स्टंट करने वाले कार चालक को पुलिस ने पकड़ा, मंगवाई कान पकड़कर माफी

**भिलाई।** सिविक सेंटर में एक कार चालक को पुलिस ने सड़क पर खतरनाक स्टंट कर लोगों को परेशान करने के आरोप में पकड़ा और कान पकड़कर दोबारा ऐसा न करने की हिदायत देते हुए माफी मंगवाई। पुलिस ने बताया आरोपी युवक का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा था। उसमें वो अपनी स्वीफ्ट कार से भीड़भाड़ वाले एरिया सिविक सेंटर की सड़क पर स्टंट कर रहा था। कार की रफ्तार काफी तेज होने और स्टंट करने से लोग काफी डर रहे थे। इससे बड़ा हादसा भी हो सकता था। कुछ लोगों ने उसके स्टंट का वीडियो बनाया और सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वीडियो में यह भी दिखा कि स्टंट के दौरान कार ने सड़क किनारे खड़ी कई गाड़ियों को टक्कर भी मारी।

## धर्म वापसी: विशेष समारोह में दिलाई गई शपथ

**बालोद।** अपने मूल हिंदू धर्म से भटक कर विगत 12 वर्षों से दूसरे धर्म को मानने वाले ग्राम खपरी (ब) के एक परिवार को जिला साहू संघ के मार्गदर्शन में पुनः हिंदू धर्म में वापसी कराया गया। इस कार्य में तहसील साहू संघ गुंडरदेही के विशेष प्रयास रहा। परिवार द्वारा घर वापसी पर गत दिनों तहसील साहू संघ द्वारा एक विशेष समारोह आयोजित कर परिवार को अब से जीवन पर्यन्त तक हिंदू धर्म को मानने तथा समाज के प्रति समर्पित होकर जीवन यापन करने की शपथ दिलाया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि जिला साहू संघ अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने परिवार के सदस्यों का हिन्दू धर्म में स्वागत करते हुए कहा कि प्रत्येक धर्म का अपना महत्व है, लेकिन जो हिन्दू परिवार अपने मूल धर्म से भटक कर ईसाई या मुस्लिम धर्म अपना चुके है ऐसे लोगों को पुनः हिंदू धर्म में शामिल करना है। इसे जड़ों की ओर लौटना माना जाता है। समारोह में शामिल जिला साहू संघ महिला उपाध्यक्ष भानुमति साहू, महिला प्रकोष्ठ संयोजक सुचित्र साहू, एवं तहसील अध्यक्ष मानसिंग सार्वा ने अपने मूल हिंदू धर्म में वापस आने वाले परिवार क स्वागत करते हुए कहा कि विभिन्न कारणों के चलते ऐसे अनेक हिन्दू परिवार अपने मूल हिन्दू धर्म को छोड़कर अन्य धर्म में शामिल हुए हैं, लेकिन वे अब भी अपने जड़ से अलग नहीं हो पाए हैं। जिला साहू संघ ऐसे प्रत्येक व्यक्ति, एवं परिवार को वापस हिन्दू धर्म में शामिल करने वृहद स्तर पर घर वापसी अभियान चलाया जाएगा।

इस अवसर पर तहसील साहू समाज के महिला संयोजक वर्षा साहू, जेआर कलिहारी, किशन लाल, राजेन्द्र साहू, दिलीप कुल्हारे, झग्गर साहू, बल्दू साहू, खपरी सरपंच लेखराम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष दीनदयाल साहू, डॉ मोहन लाल साहू, खोमन लाल, नरोत्तम साहू, धुरऊ राम साहू, वैजन्ती साहू, महेश्वरी साहू एवं अन्य सामाजिक पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

सारे तीरथ बार बार... गंगा सागर एक बार
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्री जगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविद्या, नवग्रह, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
28 मार्च, 2026
25 अप्रैल, 2026
16 मई, 2026
राशि स्लीपर ऑफर ₹ 18,500/-3AC ऑफर ₹ 29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866
Head Office: ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411